प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.08.2024 (संध्या 1845 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राज्यभर में तैयारी पूरी, राज्यपाल उपराजधानी दुमका और मुख्यमंत्री रांची में कल फहरायेंगे तिरंगा।
- राज्य के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दीपक पांडेय सहित 19 पुलिसकर्मियों को वीरता और उत्कृष्ट सेवा के लिए स्वतंत्रता दिवस पर मिलेगा राष्ट्रपति पदक।
- विभाजन विभीषिका दिवस पर चतरा, गिरिडीह समेत राज्यभर में हुए कई कार्य़क्रम, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा– कांग्रेस के कारण हुआ देश का बंटवारा।
- उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को खनिज अधिकारों पर बकाया कर वसूलने की दी अनुमति दी, झारखंड समेत कई राज्यों को होगा फायदा।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोड़ी देर बाद शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषा में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका प्रादेशिक भाषा में प्रसारण करेंगे।

****

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर राज्यभर में तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल उपराजधानी दुमका में जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधानी रांची में झंडा फहरायेंगे। समारोह को लेकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज दुमका पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

****

देश आजादी का जश्न मना रहा है। देश उन वीरों को भी नमन कर रहा है जिन्होंने देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के पबरा गांव के 17 लोगों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज उनका परिवार इस बात को लेकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। स्वतंत्रता सेनानी के वंशज कुमार महतो ने कहा कि हजारीबाग वीरों की धरती रही है।

****

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार कार्यों से जुड़े एक हजार 37 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक के लिए चुना गया है। इनमें झारखंड के भी 19 पुलिसकर्मी शामिल हैं। आइपीएस अधिकारी दीपक पांडेय सहित सात पुलिसकर्मियों को वीरता पदक के लिए चुना गया है जबकि 11 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जायेगा। इसके अलावा झारखंड अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्यारेलाल तांबवार को भी वीरता पदक मिलेगा।

****

हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों में राष्ट्र भक्ति की भावना बढ़ाने के लिए 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ एक सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें।

इधर सीआईएसएफ बोकारो यूनिट ने डीआईजी दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में आज तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर डीआईजी दिग्विजय सिंह ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों के मन में राष्ट्रभक्ति को जगाना है।

****

देश आज 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मना रहा है। इसे लेकर चतरा, गिरिडीह समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गिरिडीह में भाजपा की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस के कारण देश का बंटवारा हुआ।

****

उच्चतम न्यायालय ने आज स्पष्ट किया है कि राज्य अब खनिज अधिकारों पर बकाया कर वसूल सकते हैं। एक अप्रैल, 2005 से पहले के खनिज अधिकारों पर ये लागू नहीं होगा। शीर्ष न्यायालय ने 25 जुलाई को यह आदेश दिया था कि राज्यों के पास शक्ति है कि वे खनिज अधिकारों पर कर लगा सकें। खान और खनिज विनियमन तथा विकास अधिनियम 1957 राज्यों के अधिकारों को सीमित नहीं करता। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से झारखंड समेत कई राज्यों को इसका लाभ होगा।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान स्पेशल ब्रांच से कराने को कहा है। अदालत ने कहा है कि देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा में मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले लैंड रिकार्ड और अन्य दस्तावेज की जांच अवश्य की जाए।

****

संक्षिप्त खबरें–

- पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने जमशेदपुर वासियों को कार्यक्रम आयोजित कर 680 गुम या चोरी हुए मोबाइल को वापस उनके मालिकों को आज सौंप दिया है।
- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में भाजपा और भाजपा युवा मोर्चा की एक बैठक हुई। इसमें 23 अगस्त को रांची में मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।
- गुमला वन प्रमंडल के द्वारा आज 75वां वन महोत्सव का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया। इस मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वनों के प्रति नागरिकों को प्रेम और अपनेपन की भावना रखने की जरूरत है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। आज दोपहर बाद रांची समेत राज्य के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अगले दो दिनों तक रांची, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त********